

# सेठानी घाट पर शुरू हुई फिल्म की शूटिंग

**▸ यामी की मौजूदगी से बढ़ा उत्साह**

**नर्मदापुरम, 16 जून। यामी गौतम की आगामी फिल्म की शूटिंग मंगलवार से नर्मदापुरम के प्रसिद्ध सेठानी घाट पर शुरू हो गई. शूटिंग के साथ ही पूरा शहर फिल्मी माहौल में रंग गया है और स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है. नर्मदा नदी के किनारे स्थित ऐतिहासिक सेठानी घाट को शूटिंग के लिए विशेष रूप से सजाया गया है.**

फिल्म यूनिट ने एक दिन पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं. घाट और आसपास के क्षेत्र को आकर्षक रूप दिया गया ताकि फिल्म के दृश्यों को प्राकृतिक और भव्य पृष्ठभूमि मिल सके.

मंगलवार को शूटिंग की औपचारिक शुरुआत के दौरान यामी गौतम भी मौजूद रहीं. अभिनेत्री की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में लोग घाट पर पहुंचे. स्थानीय नागरिकों और प्रशंसकों में शूटिंग को लेकर खास उत्साह दिखाई दिया. शूटिंग के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा. घाट क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया गया ताकि फिल्मांकन कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके और किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो. नर्मदा के शांत और मनोहारी तट पर हो रही यह शूटिंग न केवल फिल्म के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, बल्कि इससे नर्मदापुरम को एक प्रमुख फिल्म शूटिंग लोकेशन के रूप में नई पहचान मिलने की उम्मीद भी बढ़ गई है. स्थानीय पर्यटन और व्यवसाय से जुड़े लोगों का मानना है कि इससे शहर की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत होगी.

# कतिया समाज उपसमिति चुनाव की तैयारियां तेज

**पिपरिया. अमावस्या अधिक मास ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष के अवसर पर कतिया समाज उपसमिति की बैठक एल.एल. महलगमैया के निवास पर आयोजित की गई. बैठक में उपाध्यक्ष आर.बी. सूर्यवंशी, महासचिव के.एल. ब्रह्मवंशी, नारायण पठारिया और जिला समिति उपाध्यक्ष किरेश आरसे सहित समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे.**

जिलाध्यक्ष प्रदीप आम्रवंशी ने बताया कि बैठक में लगभग 25 समाजजनों एवं मातृशक्ति ने भाग लिया. समाज के विकास, संगठन की मजबूती और रचनात्मक कार्यों को बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा हुई. बैठक में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के 37 गांवों की सूची तैयार की गई, जिनकी अनुमानित सामाजिक जनसंख्या लगभग 10 हजार है. निर्णय लिया गया कि उपसमिति चुनाव के लिए कम से कम 50 सदस्य बनाए जाएंगे. प्रत्येक सदस्य से 500 रुपये सदस्यता शुल्क लिया जाएगा तथा केवल सदस्य ही चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे. सदस्यता अभियान की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है.

मध्यप्रदेश कतिया समाज संस्था के नियमानुसार अध्यक्ष पद के उम्मीदवार को 5100 रुपये सहयोग राशि जमा कर नामांकन दाखिल करना होगा. उपसमिति चुनाव 10 अगस्त से पूर्व कराने का प्रस्ताव रखा गया. बैठक के अंत में संत शिरोमणि भूराभगत महाराज की आरती एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ. आभार लखन भैया महलगमैया ने व्यक्त किया. जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पी. सायलवार द्वारा दी गई.

# किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौपा

**▸ दो दिन में समाधान नहीं हुआ तो दी आंदोलन की चेतावनी**



**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा, 16 जून. किसानों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा. संघ ने बैंकिंग व्यवस्था, डीजल वितरण, खाद उपलब्धता, मूंग उपार्जन और नकली खाद की बिक्री सहित 11 प्रमुख मांगों पर त्वरित कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि दो दिन में समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा.**

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में किसान ग्रीष्मकालीन मूंग की कटाई, धान रोपाई तथा सोयाबीन और मक्का की बुआई की तैयारियों में व्यस्त हैं, लेकिन नकदी, डीजल और खाद जैसी मूलभूत जरूरतों के लिए परेशान होना पड़ रहा है. ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि सरकारी और निजी बैंक किसानों को पर्याप्त नकद राशि उपलब्ध नहीं करा रहे हैं, जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं.

किसान संघ ने केन और कुप्पियों में डीजल वितरण पर लगी रोक का भी विरोध किया. उनका कहना है कि खेतों में कार्यरत ट्रैक्टरों को बार-बार पेट्रोल पंप ले जाना संभव नहीं है. संघ ने डीजल वितरण की पूर्व व्यवस्था बहाल करने तथा 200 लीटर की सीमा समाप्त करने की मांग की है. साथ ही कुछ पेट्रोल पंपों पर ऑनलाइन भुगतान स्वीकार नहीं करने और डीजल के साथ अन्य उत्पाद जबरन बेचने की शिकायत भी उठाई गई. ज्ञापन में ग्रीष्मकालीन मूंग के समर्थन मूल्य पंजीयन की अवधि बढ़ाने, उपार्जन सीमा पांच क्विंटल प्रति एकड़ तय करने, खरीफ सीजन के लिए डीएपी और यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा सहकारी समितियों के माध्यम से खाद वितरण की मांग की गई.

# क्लासरूम मैनेजमेंट पर शिक्षकों को मिले टिप्स

**▸ प्रभावी शिक्षण हेतु आयोजित हुआ विशेष सेमिनार**




**हरदा, 16 जून. संस्कार विद्यापीठ में शिक्षकों के व्यावसायिक विकास एवं शिक्षण गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से फ्रेंड्स वेलफेयर एजुकेशन सोसाइटी द्वारा 'क्लासरूम मैनेजमेंट एवं स्ट्रेस मैनेजमेंट' विषय पर एक प्रेरणादायी सेमिनार का आयोजन किया गया.**

इस अवसर पर प्रसिद्ध शिक्षाविद्, करिकुलम डिज़ाइनर, टीचर ट्रेनर एवं एकेडमिक एक्सीलेंस कोच कार्तिकेय शुक्ला, कानपुर वक्ता के रूप में उपस्थित रहे. शुक्ला ने अपने सत्र में प्रभावी कक्षा प्रबंधन की विभिन्न रणनीतियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एक सकारात्मक, अनुशासित एवं छात्र-केंद्रित वातावरण सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावशाली बनाता है. उन्होंने शिक्षकों को व्यवहार प्रबंधन, विद्यार्थी सहभागिता बढ़ाने तथा सीखने को रोचक बनाने के व्यावहारिक उपायों से अवगत कराया.

सत्र के दूसरे भाग में उन्होंने तनाव प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की. उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षकों के समक्ष अनेक चुनौतियाँ हैं, जिनके कारण तनाव उत्पन्न हो सकता है. ऐसे में समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, प्रभावी संवाद, एवं कार्य-जीवन संतुलन जैसी आदतें तनाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं. अपने अनुभवों एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से शुक्ला ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में जिज्ञासा, आत्मविश्वास और आजीवन सीखने की भावना विकसित करना है. सेमिनार के दौरान शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा विषय से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे. संवादात्मक एवं व्यवहारिक दृष्टिकोण से सम्पन्न यह सत्र सभी प्रतिभागियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक रहा.

## ▸ एक नजर में



### जलोदा में बावड़ी उत्सव में दिया संरक्षण का संदेश

**हरदा, 16 जून.** शासन के निर्देशानुसार विकासखंड टिमरनी मे म. प्र. जन अभियान परिषद के माध्यम से जनसहभागिता से जल स्रोतों की साफ - सफाई, गहरीकरण, जलसंरक्षण के लिए जनजागरूकता एवं जल स्त्रोत पूजन एवं गंगा कलश यात्राओं के वृहद स्तर पर आयोजन किये गये. इसी क्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तृतीय चरण में 'बावड़ी उत्सव' कार्यक्रम के तहत टिमरनी विकासखण्ड के ग्राम जलोदा में सोमवार को सोमवती अमावस्या के अवसर पर स्वच्छता, साफ - सफाई, बावड़ी पूजन एवं जल संगोष्ठी का आयोजन कल आयोजन किया गया. इस अवसर पर जलोदा ग्राम में स्थित लगभग 300 वर्ष पूरानी बावड़ी की साफ - सफाई व पुताई कर बावड़ी का पूजन अर्चन किया गया. साथ ही ग्रामवासियों के साथ सम्पूर्ण बावड़ी में दीप प्रज्जवलित किये गये. इसके बाद ग्राम के स्कूल परिसर में स्थित बावड़ी पर जल संगोष्ठी का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्यक संदीप गोहर, सरपंच तेजाराम, वरिष्ठ कवि साहित्यकार एवं मेंटर मुकेश शांडिल्य, विकासखंड समन्वयक अनुपम भारद्वाज, शिक्षक जयेंद्र राजपूत, रतिराम बाबा समाधी से तरुण महंत, नवांकुर संस्था पहल से अमित माहुले, नेहा राठौर व अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे.

### 17-26 मनाया जाएगा नशा मुक्त भारत सप्ताह

**हरदा, 16 जून.** सामाजिक एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग हरदा द्वारा जिले में 17 से 26 जून तक नशा मुक्ति सप्ताह मनाया जाएगा. सप्ताह के दौरान संबंधित विभागों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे. उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि नशा मुक्त भारत सप्ताह का आयोजन ''नशा मुक्त भारत अभियान विकसित भारत की पहचान'' की थीम पर मनाया जाएगा. इस दौरान शैक्षणिक संस्थाओं के माध्यम से सेमिनार, ग्रुप डिस्कशन, शपथ ग्रहण, जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएगी. सप्ताह के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा नशा मुक्त हो चुके हितग्राहियों की सफलता की कहानी एवं स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा, महिला एवं बाल विकास विभाग च पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मानव श्रृंखला व शपथ का आयोजन किया जाएगा. साथ ही खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा फुटबॉल व हॉकी टूर्नामेंट एवं मैराथन का आयोजन किया जाएगा. सिंह ने बताया कि नेहरू युवा केंद्र एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा जिले में ओपन माइक प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य लोक गीत, सामुदायिक स्थान पर शपथ नशा मुक्ति पत्र का वितरण एवं पोस्टर चस्पा किए जाएंगे साथ ही ,समूह चर्चा भाषण जैसी गतिविधियां भी आयोजित की जाएगी.

### जिले में एसडीएम से पीआरओ तक के तबादले

**नर्मदापुरम, 16 जून.** नर्मदापुरम जिले में शासन ने बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल करते हुए कई अधिकारियों के तबादले और नई पदस्थापनाएं की हैं. इस बदलाव में राजस्व, जनसंपर्क और खनिज विभाग सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं. सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी का तबादला रायसेन कर दिया गया है, जबकि नर्मदापुरम एसडीएम जय सोलंकी को राजगढ़ भेजा गया है. डिप्टी कलेक्टर नीता कोरी को जबलपुर में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है. इन तबादलों के साथ जिले से तीन वरिष्ठ राजस्व अधिकारियों की विदाई हुई है. वहीं प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से संयुक्त कलेक्टर नितिन टाले की नर्मदापुरम में वापसी कराई गई है. उनके अनुभव का लाभ जिले के प्रशासनिक कार्यों में मिलने की उम्मीद जताई जा रही है. जनसंपर्क विभाग में भी महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है. संयुक्त संचालक रश्मि देशमुख का तबादला रीवा कर दिया गया है. उनकी जगह उज्जैन से अरुण राठौर को नर्मदापुरम भेजा गया है, जो जिले के नए जनसंपर्क अधिकारी के रूप में कार्यभार संभालेंगे.

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं



**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 16 जून. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित 'जनसुनवाई' कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए.**

जनसुनवाई में हरदा निवासी सोनू नागराज ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर संबल कार्ड बनवाने की मांग की, जिस पर उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदक की पात्रता का परीक्षण कर पात्रता अनुसार संबल कार्ड बनवाने के निर्देश दिये. जनसुनवाई में सिराली निवासी सुशीला बाई ने मकान निर्माण की अनुमति प्राप्त करने के लिये आवेदन दिया, जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिराली को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये. भोपाल निवासी राजेन्द्र सिंह राजपूत ने जनसुनवाई में तहसील कार्यालय रहटगांव में किराये से संलग्न वाहन का 9 माह से किराया भुगतान न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर तहसीलदार रहटगांव को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये. जनसुनवाई में ग्राम बूंदड़ा निवासी ललित भायरे ने बेचे गये चने का भुगतान न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर जिला विपणन अधिकारी को मामले की जांच कर आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये. ग्राम दामोदरपुरा निवासी निर्भय सिंह ने जनसुनवाई में आवेदन देकर चना तुलाई की राशि का भुगतान न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उप संचालक कृषि को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये.

# बारिश से पहले सड़क व्यवस्था दुरुस्त करें : कलेक्टर



**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 16 जून. बारिश के मौसम को देखते हुए कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं. मंगलवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिले में कहीं भी दूषित पेयजल की आपूर्ति न हो और ग्राम पंचायत स्तर पर पर्याप्त संख्या में पेयजल परीक्षण किट उपलब्ध रहें.**

कलेक्टर ने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को गांवों में पहुंचकर पेयजल की गुणवत्ता का निरीक्षण करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान पेयजल की शुद्धता को लेकर विशेष सतर्कता बरती जाए. बैठक में किसानों के लिए उर्वरक उपलब्धता की भी समीक्षा की गई. कलेक्टर ने बताया कि जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है और किसानों को इसकी जानकारी समय पर दी जाए. साथ ही वन क्षेत्रों में वनाधिकार पट्टा धारियों को भी आसानी से उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए. क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई. कलेक्टर ने हरदा-रन्हाईकला मार्ग, करताना-नयागांव मार्ग, तजपुरा-गंगेश्वरी मार्ग तथा टेमागांव-कपासी मार्ग की मरम्मत कराने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए. वहीं टिमरनी नगर में सड़कों पर बने गड्ढों की मरम्मत के लिए भी आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया. बैठक में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को समय सीमा में शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए. बैठक में जिला पंचायत सीईओ अंजली जोसेफ जोनाथन, अपर कलेक्टर पुरुषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.

# नर्मदा घाट पर चला अभियान, स्वच्छता का लिया संकल्प

**नवभारत न्यूज**

**पिपरिया.** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में नगर विकास प्रस्फुटन समिति राधाकृष्ण वार्ड-18 एवं विभिन्न नवांकुर संस्थाओं के सहयोग से पुरुषोत्तम अधिक मास अमावस्या के अवसर पर ग्राम साड़ियां स्थित मां नर्मदा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया.

अभियान के दौरान नर्मदा तट की साफ-सफाई कर श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया गया. उपस्थित जनों ने मां नर्मदा को स्वच्छ, निर्मल और अविरल बनाए रखने का सामूहिक संकल्प भी लिया.

कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष मीरा गढ़वाल, विकासखंड समन्वयक दयाशंकर उमरे, महेंद्र पटेल, मनीराम चौधरी, प्रदीप कुशवाहा, देवकी गढ़वाल, वंदना सोनी, बंसती बाई सोनी, चंदा श्रीवास्तव, अनिता सोनी, पूजा नामदेव, तुलसा विश्वकर्मा एवं जय गढ़वाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे.

प्रतिभागियों ने कहा कि नर्मदा तट की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और ऐसे अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ जनजागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.

**समाधान ▸ अधिकारियों को एक सप्ताह में जवाब देने के निर्देश**

# जनसुनवाई में समस्याओं का त्वरित निराकरण



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुर/इटारसी, 16 जून. मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने नागरिकों की समस्याएं सुनकर कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवेदनों की गंभीरता से जांच कर समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा एक सप्ताह के भीतर प्रत्येक आवेदन पर जवाब दर्ज किया जाए.**

जनसुनवाई में अतिक्रमण, अनुकंपा नियुक्ति, राजस्व, उपार्जन, बिजली बिल और भू-अभिलेख सुधार से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए. ग्राम उराड़ी के किसान हेमराज तंवर ने तकनीकी त्रुटि के कारण गेहूं रिजेक्ट होने और भुगतान नहीं मिलने की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने जिला खाद्य अधिकारी को भुगतान कराने के निर्देश दिए.

ग्राम सांगा खेड़ा कला निवासी पवन सैनी ने कार्य के दौरान घायल होने और उपचार नहीं मिलने की समस्या बताई. कलेक्टर ने श्रम अधिकारी को नियोजनकर्ता से समुचित इलाज सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए. वहीं राजेश कुमार सागर की अधिक बिजली बिल की शिकायत पर डीई एमपीईबी को जांच कर निराकरण करने को कहा गया. इटारसी के ग्राम सोमलवाड़ा कला की अंजना सिंह ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की. कलेक्टर ने एसडीएम इटारसी को मौके की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए. सिवनी मालवा निवासी चंद्रशेखर रघुवंशी के भू-अभिलेख दुरुस्ती संबंधी आवेदन पर तहसीलदार को जांच कर सुधारात्मक कार्रवाई करने को कहा गया. जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, एडीएम अनिल कुमार जैन, अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.

### दिव्यांग की समस्या सुनने पहुंचे कलेक्टर

नर्मदापुरम. मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए दिव्यांग आवेदक की समस्या को प्राथमिकता से सुना. आवासीय पट्टा दिए जाने संबंधी आवेदन लेकर पहुंचे दिव्यांग नागरिक संजू के पास कलेक्टर स्वयं पहुंचे और उनका आवेदन प्राप्त कर समस्या की जानकारी ली. कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिव्यांगजनों सहित सभी नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध और प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए.

# ज्ञानभारतम् मिशन में तीन पाण्डुलिपियां अपलोड



**नवभारत न्यज**

**हरदा, 16 जून. जिले में ज्ञानभारतम् मिशन के तहत तीन प्राचीन पाण्डुलिपियों को ज्ञान भारतम् मोबाइल एप पर अपलोड किया गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार हंडिया में उपलब्ध सिक्खों के दसवें गुरू गोविन्द सिंह जी द्वारा गुरूवाणी में अंकित सनद, हरदा के जैन मंदिर में कन्नड़ भाषा में उपलब्ध त्रिलोक सार ग्रन्थ एवं ग्राम कुकरावद में स्व. सालिगराम बाबा द्वारा हस्त निर्मित कागज पर देवनागरी एवं संस्कृत भाषा में रचित सनातन धर्म, वैदिक अनुष्ठानों और पंचांग कर्म की विधियों से संबंधित पाण्डुलिपियों को इस पोर्टल पर अपलोड किया गया है.**

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा है कि मठ, मंदिरों के साथ-साथ कई घरों में विद्यमान प्राचीन पाण्डुलिपियों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना हम सभी की जिम्मेदारी हैं.

इस अमूल्य विरासत के संरक्षण, संवर्धन और दस्तावेजीकरण के लिये राष्ट्रीय स्तर पर ज्ञान भारतम् मिशन की शुरूआत की गई है, जिसके अंतर्गत वर्ष 1950 से पहले की पाण्डुलिपियों का डिजिटल रूप से संरक्षण किया जा रहा है. प्राचीन पाण्डुलिपि धारकों से आग्रह किया गया है कि वे उनके पास संरक्षित इस अमूल्य धरोहर का संरक्षण करने में अपना सहयोग प्रदान करें. साथ ही उपलब्ध पाण्डुलिपियों का डिजीटल संरक्षण अवश्य कराएं